# सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स सेल्फ सपोर्टिंग को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी, धुर्वा, राँची

दिनांक 24.06.2025 को सिविल सर्विसेस ऑफिसर्स को–ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाईटी के कार्यकारिणी समिति (निदेशक मण्डल) की बैठक संध्या 6.30 बजे वन भवन के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस, डोरण्डा, राँची में श्री आर0 पी0 सिंह, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बैठक में निम्नलिखित निदेशक मण्डल के सदस्य/विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. श्री आर0 पी0 सिंह, भा0व0से0 – अध्यक्ष
2. श्री आर0 के0 मल्लिक, भा0पु0से0 – उपाध्यक्ष एवं सचिव
3. श्री ए0 पी0 सिंह, भा0प्र0से0 – निदेशक
4. श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी, भा0व0से0 – निदेशक
5. श्री डी0 के0 सक्सेना, भा0व0से0 – विशेष आमंत्रित सदस्य

1. सांगा में निमार्णधीन चहारदीवारी का निर्माण कार्य की समीक्षा एवं वेन्डर द्वारा दर संशोधन के लिए दिए गए अभ्यावेदन पर यह निर्णय लिया गया कि सोसाईटी के निदेशक मण्डल के सदस्य/अभियंता के द्वारा स्थल निरीक्षण किया जाएगा एवं अबतक सम्पादित किये गये कार्य एवं शेष बचे हुए कराये जाने वाले कार्य की समीक्षा के उपरांत रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

   सांगा में चहारदीवारी निर्माण का कार्य कोविड के समय 2020 में बन्द हो गया था, जो पुनः 2025 में प्रारम्भ किया गया है। इसके वेन्डर के द्वारा वर्तमान में कराए जा रहे कार्य के लिए 20 प्रतिशत दर वृद्धि करने का अनुरोध किया गया है, जिसकी तकनीकि जांच की जा रही है। चूंकि चहारीदीवारी का कार्य तेजी से चल रहा है, अतः वेन्डर को 20.00 लाख रूपये का अग्रिम भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया। ताकि तकनीकि जांच के साथ–साथ चहारीदीवारी निर्माण का कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे।

2. प्लॉट के निबंधन एवं निबंधन सुधार पत्र के प्रकिया प्रारम्भ की जा चुकी है। प्रथम चरण में चार सदस्यों का रजिस्ट्रेशन का कार्य 2.7.2025 की तिथि निर्धारित है, जिसकी तैयारी की जा चुकी है। रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी कार्य 02.07.

2025 को हो जाने के उपरांत अन्य सदस्यों का रजिस्ट्रेशन इसी प्रकिया के अनुरूप भविष्य में सम्पादित कराया जाएगा।

3. आवंटन पत्र निर्गत करने की समीक्षा की गयी। अधिकांश आवंटन पत्र सदस्यों को प्रेषित किया जा चुका है। कुछ आवंटन पत्र पुराने पता पर भेजे जाने के कारण वापस लौट गया, जिसे पुनः भेज दिया गया है। एक सप्ताह के अन्दर सभी आवंटन पत्र को भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

4. सांगा के सोसाईटी कैम्पस के अधीन रैयती जमीन के क्रय करने विचार विमर्श किया गया। इस सम्बन्ध में रैयती जमीन क्रय करने के सम्बन्ध में सब कमिटी द्वारा प्रारम्भिक बैठक की गयी। एवं रैयतों से Negotiation करने का निर्णय लिया गया। इस सम्बन्ध में समय–समय पर रैयतों से बात किया जाएगा।

5. सांगा के सोसाईटी कैम्पस के मुख्य प्रवेश द्वार (Main Entrance gate) के डिजाईन पर निर्णय अंतिम चरण पर है। जबतक मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य नहीं होता है, तबतक एक अस्थायी 12 फीट चौड़ा गेट लगाने का निर्णय लिया गया ताकि आम लोगों का अनाधिकृत प्रवेश से रोका जा सके।

6. सांगा के सोसाईटी कैम्पस का उपयुक्त नामकरण हेतु विमर्श किया गया। इस कार्य हेतु सदस्यों से नामकरण का प्रस्ताव देने का अनुरोध किया जाए एवं तत्पश्चात On-line votingके पश्चात सबसे अधिक चयनित वाले नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

7. सोसाईटी के दिन प्रतिदिन के विकास कार्यों के लिए कोटेशन निविदा की प्रकिया का निर्धारण करने हेतु कोषाध्यक्ष श्री हंसराज सिंह, भा०प्र०से० के अध्यक्षता में एक सब कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। इस कमिटी में दो अन्य सदस्यों को अध्यक्ष महोदय के द्वारा नामित किया जाएगा।

8. Executive Committee (कार्यकारिणी समिति) के सदस्यों द्वारा सोसाईटी के कार्य हेतु कभी–कभी टैक्सी, पेट्रोल, डीजल इत्यादि का खर्च करना पड़ता है,

क्योंकि अधिकांश निदेशक सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जिनके पास कोई सरकारी सुविधा नहीं है। इस प्रकार अध्यक्ष की अनुमति से यात्रा कर reimburse किया जायेगा।

9. सांगा के सोसाईटी कैम्पस के अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्य करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। अबतक पूरे चहारदीवारी का कार्य पूरा नहीं हुआ है एवं मुख्य द्वार भी अभी निर्मित नहीं हुआ है। अतः पौधों को बचाना मुश्किल होगा। श्री सिद्धार्थ त्रिपाठी ने भरोसा दिलाया कि जैसे ही कैम्पस सुरक्षित हो जाता है, वृक्षारोपण कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होनें 2026 के मॉनसून के अन्तर्गत लगभग 2000 गेबियन के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य कराने की योजना को सुनिश्चित करने हेतु विभागीय कार्यवाई प्रारम्भ करने की बाता कही।

अन्यान्यः

10. क. सोसाईटी के कई सब प्लॉट में बड़े–बड़े चट्टान है, जिनको हटाने के उपरांत ही आवास निर्माण कार्य हो सकेगा। सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि स्थानीय मजदूरों के सहयोग से इन चट्टानों से खूंटी स्टोन ईंट एवं टुकरे पत्थर तैयार कराया जा सकता है, जिसका सांगा प्रागंण में ही विभागीय तौर पर किया जायगा। समिति ने निर्णय लिया कि इस सम्बन्ध में एक प्रस्ताव तैयार कराया जाय।

11. ख. विशेष आमंत्रित सदस्य – कार्यकारिणी समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में श्री डी0 के0 सक्सेना, भा0व0से0 को अनुरोध किया गया, जिसे उन्होनें स्वीकार कर लिया। रांची स्थित सदस्यों में से कुछ अन्य को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया।

**धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्रवाई सम्पन्न की गयी।**

(आर0 के0 मल्लिक)
उपाध्यक्ष एवं सचिव

(आर0 पी0 सिंह)
अध्यक्ष